तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 4 मई 2026

12 टीपी से अधिक तेंदूपत्ता ले जाते वाहन जब्त



10 फायर सेफ्टी की अनदेखी : 42 एमएलडी फिल्टर ...





## खबर संक्षेप

### पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक 6 को

**बालोद।** पेंशनधारी कल्याण संघ का मासिक बैठक पेंशनर भवन शिकारी पारा बालोद में 6 मई बुधवार को 11 बजे से रखी गई है। अध्यक्ष पेंशन धारी कल्याण संघ बालोद डॉ.आरएम. चावड़ा ने बताया बैठक में प्रान्त स्तर प्राप्त जानकारी दी जाएगी।

### शराब भट्टी के सामने से बाइक पार

**बालोद।** शराब भट्टी के सामने खड़े किए बाईक को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 305(एं) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम कुरदी थाना अर्जुन्दा निवासी यश्वंत कुमार साहू पिता सुरेश कुमार 25 वर्ष ने पुलिस को बताया कि 24 अप्रैल के 07:30 बजे मैं अपने चाचा चन्दुलाल के साथ दारू भठ्ठी अर्जुन्दा गये थे मै अपने मोटर सायकल सीजी 24 एस 7062 को भठ्ठी के बाऊण्ड्री वाल के दरवाजा के पास हैण्डल लॉक कर खडी किया था, भठ्ठी से वापस आकर देखा तो मेरी मोटर सायकल वहां पर नही थी आस पास पता किया पता नही चला शराब भठठी बंद होने के बाद मेरी मोटर सायकल कही दिखायी नही दिया। मेरी बाइक को कोई अज्ञात व्याक्ति द्वारा चोरी कर ले गया है।

### नाश्ता करने रुके युवक की बाइक पार

**बालोद।** सड़क किनारे मोटर सायकल खड़ी कर नास्ता करने गए युवक का मोटर सायकल चोरी हो गया। जिसके बाद पीड़ित युवक ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम बनगाव थाना व जिला बालोद निवासी खोमनाथ कोसमा ने पुलिस को बताया कि 24 अप्रैल को मैं अपने मामा के घर ग्राम खुंटेरी आया था फिर मैं अपने मोटर सायकल सीजी 19 बीएम 5485 से चिकन खरीदने ग्राम सिकोसा आया था, चिकन खरीदकर शाम करीबन 07 बजे बाजार चौक ग्राम सिकोसा में नाश्ता करने के लिये मोटर सायकल को रोड किनारे खडा किया, नाश्ता करने बाद देखा तो मेरा मोटर सायकल क्र0 सीजी 19 बीएम 5485 को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। आस पास पता तलाश किया कहीं पता नहीं चला। उक्त मोटर सायकल को मै दल्लीराजहरा कमल शो रूम से खरीदा था। वाहन स्वामी का नाम सुरेश कुमार नुरेटी है। नाम ट्रांसफर नहीं कराया हूं।

### स्कूटी चोर गिरफ्तार

**भिलाई।** पार्किंग से स्कूटी चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि खपरी कुम्हारी निवासी लक्ष्मण बारलेस्कूटी से सीजी 07 बीजी 3996 को जब्त किया गया है।

### अपराध : शादी के लिए जुटाए थे गहने और रकम

# सूने मकान से 2 लाख के जेवरात और नकदी पार, अपनी ही शादी के लिए खरीदे थे गहने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

देवरी थाना क्षेत्र के ग्राम परसुली में चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। जहां एक परिवार अपनी सगाई के कार्यक्रम में गया था और पीछे से चोरों ने सूने मकान का ताला तोड़कर करीब 2 लाख 1 हजार रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ बीएनएस (BNS) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

पीड़ित कमलेश कुमार केशरिया, जो राजनांदगांव में डायल 112 वाहन के चालक हैं, ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपनी आगामी शादी के लिए डौण्डीलोहारा से सोने का रानी हार, मंगलसूत्र, फुल्ली और चांदी के पायल, करधन व बिछिया खरीदकर रखे थे। इन गहनों की कुल कीमत लगभग 1.50 लाख रुपये थी। साथ ही 51 हजार रुपये नगद भी आलमारी के लॉकर में रखे हुए थे। घटना 26 अप्रैल की है, जब शाम करीब 5 बजे पूरा परिवार सगाई कार्यक्रम के लिए डोंगरगांव गया हुआ था। देर रात करीब 12:30 बजे जब परिवार वापस लौटा, तो घर के मुख्य दरवाजे की सिटकनी टूटी हुई मिली। घर के अंदर प्रवेश करने पर देखा कि बेडरूम में रखी आलमारी का दरवाजा खुला था और लॉकर से गहने व नगदी गायब थे।



### आलमारी की चाबी से ही खोला लॉकर

चोरों ने बेहद शातिराना तरीके से वारदात को अंजाम दिया। मुख्य दरवाजा तोड़ने के बाद चोरों ने आलमारी के अंदर ही रखी चाबी को खोजा और उसी से लॉकर खोलकर चोरी की। घटना 26 अप्रैल की शाम से 27 अप्रैल की रात के दरमियान हुई है। देवरी पुलिस ने कमलेश की रिपोर्ट पर धारा 305 और 331(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस संदिग्धों से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या किसी करीबी को घर के सूने होने और गहनों की जानकारी थी।

## ताला तोड़कर जेवरात की चोरी घटना के 5 माह बाद मामला दर्ज

**बालोद।** घर में चोरी के पांच माह बाद पीड़ित व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 305(एं), 331(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना डौण्डीलोहारा में प्रधान आरक्षक गस्ती के पद पर कार्यरत शिवदयाल निषाद ने बताया कि 27 अप्रैल को ग्राम बटेरा थाना डौण्डीलोहरा जिला बालोद प्राथएँ देवेन्द्र कुमार निषाद के द्वारा एक लिखित शिकायत आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 09 अक्टूबर 2025 को सुबह 9 बजे मैं अपनी पत्नी के साथ खेत काम में डौंडीलोहारा गया था। दोपहर लगभग 1:30 बजे मेरा छोटा बेटा हेमन्त निषाद खाना छुट्टी में घर आया तब देखा कि घर का ताला टुटा हुआ था और बड़े महेन्द्र के रूम का लाक टुटा हुआ है, जिसकी जानकारी उसने मुझे फोन पर दी। मेरे तथा मेरी पत्नी घर पहुंचे, देखने पर पाया कि अज्ञात चोर द्वारा घर का ताला तोड़कर व अलमारी का लाक तोड़कर मेरी पत्नी व बेटा बहू के जेवर जिसमें चांदी का करधन 1 नग वजन लगभग 30–35 तोला, पायल जोड़ी – 5, चौनमाला 3 नग, हाथ का कंगन (चांदी का) 1 जोड़ी, बाजूबंद 3 नग, सोने का पत्ती 3 नग व अन्य किमती सामान जुमला किमत लगभग 6 लाख रूपये चोरी करके ले गया है।

## सूने मकान का ताला तोड़कर 62 हजार के जेवर और नकदी की चोरी

**बालोद।** शादी कार्यक्रम में गए युवक के घर चोरी हो गई। जिसकी जानकारी के बाद युवक ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 305(एं), 331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम कोचेरा निवासी संतोष कुमार बारले ने पुलिस को बताया कि सुबह करीबन 8 बजे अपने घर में ताला लगाकर परिवार के साथ ग्राम संबलपुर शादी कार्यक्रम में गये थे। 24 अप्रैल को सुबह करीबन 9 बजे शादी के लिए सब्जी खरीदने ग्राम अर्जुन्दा मंडी मैं ग्राम संबलपुर के दिलीप और किसन अपने अपने मोटर सायकल में जा रहे थे तो रास्ते में मेरे घर ग्राम कोचेरा गये तो ताला लगा हुआ था घर से सब्जी रखने के लिए 1 खाली कैरेट रखे फिर घर का ताला लगा कर अर्जुन्दा सब्जी मंडी से सब्जी खरीद कर ग्राम संबलपुर आ गये। 25 अप्रैल को सुबह करीबन 10 बजे मेरे भतीजा लिकेश कुमार बारले के द्वारा मुझे फोन करके बताया कि मेरे घर और आपके घर का ताला टुटा हुआ है फिर मैं ग्राम संबलपुर से अपने परिवार सहित घर पहुंचकर देखा तो सामने, परछी, कमरा का



ताला टुटा था। कमरा अंदर जाकर देखा तो कमरे का सामान बिखरा पड़ा हुआ था तथा अलमारी के चाबी अलमारी में ही लटका हुआ था, अलमारी को खोलकर देखा तो 02 नग सोने का पत्ती पुराना, 04 नग सोने का गेहूं दाना पुराना, 01 जोड़ी सोने का खिनवा पुराना कीमती लगभग 27,000 रूपये एवं नगदी रकम 35,000 रूपये कुल 62,000 रूपये को कोई अज्ञात चोर द्वारा 25 अप्रैल के रात्रि करीबन 12 बजे से सुबह करीबन 5 बजे के बीच घर के सामने, परछी, कमरा का ताला को तोड़कर कमरा में प्रवेश कर आलमारी का लॉकर खोल कर चोरी कर ले गया है, जिसका आसपास पड़ोस में पता तलाश किया कोई पता नहीं चला है।

## कांग्रेस ने रसोई गैस के बढ़ते दामो खाद किल्लत पर सरकार को घेरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय के जयस्तंभ चौक में जिला कांग्रेस कमेटी बालोद द्वारा केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत 1005 रुपये और कमर्शियल सिलैंडर 3071 रुपये होने पर नाराजगी जताई गई।

विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों का हवाला देकर तेल कंपनियों ने गैस और ईंधन की कीमतों में भारी बढ़ोतरी की है। उन्होंने बताया कि पिछले 3 महीनों में ही कमर्शियल सिलेंडर 1303 रुपये महंगा हो चुका है, जिससे आम जनता और होटल व्यवसायी गंभीर रूप से प्रभावित है। उन्होंने आगे कहा कि बढ़ती महंगाई के कारण रसोई का खर्च लगातार बढ़ रहा है। गरीब और मध्यम वगऍय परिवारों का जीवन यापन कठिन हो गया है। सरकार द्वारा 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने का वादा भी पूरा नहीं हो पाया है।

जिलाध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी ने राज्य सरकार की नई ई–उर्वरक वितरण प्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि सॉफ्टवेयर अपडेट न होने के कारण किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है। इससे खरीफ फसल प्रभावित होने का खतरा बढ़ गया है। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो पार्टी उग्र आंदोलन करेगी। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### दल्लीराजहरा में सुशासन तिहार कल, एक जगह होगा शिकायतों का निपटारा

**दल्लीराजहरा।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी पहल 'सुशासन तिहार' के तहत 5 मई 2026, मंगलवार को नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों और मांगों का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करना है, ताकि लोगों को दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें और शासन सीधे उनके बीच पहुंचकर सेवा दे सके। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष तोरण लाल साहू ने बताया कि यह अभियान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और नगरी प्रशासन विभाग के मार्गदर्शन में पूरे प्रदेश में संचालित किया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और जनप्रतिनिधि एक ही स्थान पर उपस्थित रहेंगे, जहां आम नागरिक अपनी समस्याएं सीधे दर्ज करवा सकेंगे और मौके पर ही समाधान का प्रयास किया जाएगा। शिविर में राजस्व प्रकरण, राशन कार्ड, पेंशन, सड़क, बिजली, पेयजल, यातायात, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, आयुष्मान कार्ड, श्रमिक पंजीयन, शिक्षा सहित अन्य जनहित से जुड़े मामलों पर विशेष रूप से सुनवाई होगी। लंबे समय से लंबित प्रकरणों के निराकरण पर विशेष फोकस रहेगा, जिससे लोगों को राहत मिल सके।




### मौसम के डबल अटैक से किसान हलकान

# धान में बीमारियों का प्रकोप, आम की फसल पर भी मंडराया संकट





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में सुबह से शाम तक तेज धूप व शाम होते ही अचानक मौसम में बदलाव ने किसानो की चिंता बड़ा दी है। जिसके कारण फसलो में कई तरह की बिमारियो का प्रकोप देखने को मिल रहा है।

जहां एक ओर कई किसानो द्वारा लगाए गए धान के फसल अब खेतो में लहलहाने लगे है वही जिले में आम का फल भी बड़े पैमाने में देखने को मिल रहा है। लेकिन वर्तमान में दिनभर तेजधूप के बाद देर शाम अचानक मौसम में परिवर्तन से किसानो की चिंता बढ़ गई है। जहां अचानक हुए मौसम परिवर्तन से धान के फसलो में कनाछेदक, उकसा, तना, माहू जैसे बिमारियां देखने को मिल रही है जहां जिले में धान की फसल लगभग निकल चुकी है अब धान के फसल के पकने के लिए कई किसान फसलो को अंतिम पानी दे रहे है लेकिन इस बीच अचानक हो रहे मौसम परिवर्तन से खेतो में लहला रहे फसलो बिमारी की मार पड़ते दिख रही है जिसके कारण किसानो को लागत बढ़ाकर कीटनाशक दवाई का छिड़काव कर फसल को सुरक्षित करने में लगे हुए है। वहीं जिले में कई सब्जी की फसल लेने वाले किसानों को भी मौसम की मार झेलनी पड़ रही है जहां तेज गर्मी के कारण सब्जी के फसलों को लगातार पानी की पूर्ति करना एक चुनौती बनता जा रहा है। वहीं अचानक मौसम परिवर्तन से सब्जी फसल में किड़ा लगने का डर बना हुआ है।

### आम की फसल पर आंधी का साया

इसके साथ ही गर्मी में फलों का राजा आम का भी अचानक मौसम परिवर्तन से पेड़ों में लगे आम के फसल झड़ने का डर बना हुआ है। जहां तेज आंधी -तूफान में आम का फल झड़ने से जिलेवासियों को देशी आम के फल की आपूर्ति कम हो सकती है जिसके कारण गर्मी के दिनों में देशी आम के आचार के लिए महंगे दामो में आम के फल उपलब्ध होने की बात किसानो ने बताई।

**खबर संक्षेप**

### कुथरेल में जनसमस्या निवारण शिविर आज

दुर्ग। सुशासन तिहार-2026 के अंतर्गत दुर्ग जनपद पंचायत के ग्राम कुथरेल के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कुथरेल में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। उक्त शिविर में ग्राम पंचायत अंडा, विनायकपुर, आमटी, मासाभाट, आलबरस, निकुम, चिंगरी, अछोटी, कुथरेल, भरदा, कोनारी, चंदखुरी, भानपुरी, जंजगिरी, मतवारी और रिसामा शामिल है। शिविर का आयोजन सुबह 09 बजे से शाम 04 बजे तक किया जाएगा।

### कुलपति दयाल ने कृषि छात्रों से किया संवाद

दुर्ग। छत्तीसगढ़ कृषि महाविद्यालय धनोरा के बीएससी कृषि के चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं ने ग्रामीण पत्रकारिता और व्यवहार कौशल विषय के अंतर्गत कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय काठाडीह का टीवी स्टूडियो और सामुदायिक रेडियो 90.8 रेडियो संवाद का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस विशेष सत्र में कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर के कुलपति प्रो. मनोज दयाल ने कृषि पत्रकारिता और व्यवहार कौशल विषय पर विद्यार्थियों से इंटरेक्शन किया। प्रो. दयाल ने कहा कि शहरों की अपेक्षा ग्रामीण भारत में समाचार पत्रों का ग्रोथ परसेंटेज बढ़ा है। रेडियो की रीच और टार्गेट आडियंस में पहुंच आए दिन बढ़ रही है। इंटरनेट के विकास के साथ सोशल मीडिया का इंफ्यूलेंस बढ़ा है। कृषि प्रधान भारत में दूरदर्शन टीवी माध्यम का ग्राम विकास और उन्नत कृषि में योगदान का उदाहरण हम सबके सामने है। छत्तीसगढ़ कृषि महाविद्यालय, भिलाई के विद्यार्थियों को प्रो. मनोज दयाल ने कहा कि किसानों के कम्युनिकेशन बिहेवियर का अध्ययन कृषि पत्रकारिता की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। इसमें आपको 7 सी फार्मूला पर आपको विशेष ध्यान देना होगा। कृषि विज्ञान और कृषि पत्रकारिता के छात्र के रूप में आप सभी का सुनहरा और उज्जवल भविष्य है। कृषि अर्थव्यवस्था में कृषि पत्रकारिता का महत्वपूर्ण योगदान है।

# फायर सेफ्टी की अनदेखी : 42 एमएलडी फिल्टर प्लांट में शॉर्ट सर्किट की वजह से 10 लाख का ब्लीचिंग पाउडर जलकर स्वाहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

नगर निगम दुर्ग के 42 एमएलडी फिल्टर प्लांट में फायर सेफ्टी को लेकर बड़ी लापरवाही सामने आई है। शनिवार को शाम करीब साढ़े 4 बजे फिल्टर प्लांट के स्टोर रूम में शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी। आग की वजह से स्टोर रूम में रखे करीब 10 लाख रुपए के ब्लीचिंग पााउडर और एलम खराब हो गए। शॉर्ट सर्किट किन कारणों से हुआ, इसका खुलासा नहीं हो पाया है। सूचना के बाद महापौर अल्का बाघमार, आयुक्त सुमित अग्रवाल, जलकार्य प्रभारी लीना देवांगन, अधिकारी प्रकाश थवानी सहित अन्य मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना से जुड़ी जानकारी ली। मामले में महापौर ने जांच के निर्देश दिए हैं। बता दें कि फिल्टर प्लांट में पहले भी क्लोरीन गैस का रिसाव हुआ था। 4 से ज्यादा कर्मचारी बीमार भी हुए थे। बावजूद इसके लंबे समय से फायर सेफ्टी को लेकर लापरवाही बरती जा रही है। खबर है कि फिल्टर प्लांट में अग्नि सुरक्षा के लिए रखे सभी उपकरण बेकार पड़े हैं। फायर डिस्टिंग्विश में गैस की रिफिलिंग और मेंटेनेंस को गंभीरता से नहीं लिया गया है। शनिवार को हुए हादसे के बाद एक बार फिर अनदेखी सामने आई है। इतना ही नहीं क्लोरीनेशन का ऑटोमेटिक सिस्टम पिछले करीब 6 सालों से बंद है। बावजूद इसके इसे सुधारने को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई गई है। पानी में क्लोरीन मिलाने के लिए पुरानी पद्धति यानी ब्लीचिंग पाउडर और एलम के खोल से क्लोरीन निकालकर पानी में मिलाया जा रहा है, जो ज्यादा खर्चीला और सेहत के हिसाब असुरक्षित माना गया है।

**दो दिन पहले ही फिल्टर प्लांट में पहुंचा था 1 हजार बोरी ब्लीचिंग पाउडर, स्टोर रूम में पहले से था एलम**

#### महापौर ने किया निरीक्षण पेयजल आपूर्ति प्रभावित

42 एमएलडी फिल्टर प्लांट के स्टोर लगी में आग के बाद महापौर मौके पर पहुंची। उन्होंने हादसे की जानकारी ली। हादसे के बाद प्लांट को बंद कर दिया गया। शनिवार शाम की पाली का पेयजल सप्लाई प्रभावित रही। 3 मई को आपूर्ति प्रभावित रहने की बात कही जा रही है। फिल्टर प्लांट के स्टोर में बड़ी मात्रा में जल शुद्धिकरण में उपयोग होने वाले ब्लीचिंग पावडर का भंडारण किया गया था। शॉर्ट सर्किट के कारण लगी आग से स्टोर के भीतर रखे सामान को नुकसान पहुंचा है। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया जिससे बड़ा हादसा टल गया। आधे घंटे की मशक्कत के बाद लगी आग पर काबू पाया गया। महापौर ने 42 एमएलडी प्लांट के सभी मोटरों के अलावा 24 एमएलडी में चल रहे मोटर पंपों का अवलोकन कर सभी तकनीकी खामियों को दूर कर करने के निर्देश दिए।


ब्लीचिंग पाउडर आग लगने के बाद लावा की तरह बहा।



#### जांच के निर्देश

फिल्टर प्लांट एक संवेदनशील क्षेत्र है। किन परिस्थितियों में आग लगी, इस बारे में जानकारी के लिए जांच के निर्देश दिए गए हैं। मामला संवेदनशील है। फायर सेफ्टी उपकरणों की भी जांच कराई जाएगी।
अल्का बाघमार, महापौर नगर निगम दुर्ग

#### रिकॉल : 16 जनवरी 2019 को क्लोरीन गैस का हुआ था रिसाव

बता दें कि दुर्ग निगम के 42 एमएलडी फिल्टर प्लांट का क्लोरीनेशन प्लांट लंबे समय से बंद है। 16 जनवरी 2019 को क्लोरीन गैस के रिसाव के बाद से यह प्लांट है। इसके बाद से आधे शहर को ब्लीचिंग पाउडर के जरिए क्लोरीन निकालकर इसे पानी में मिलाया जा रहा है। और इसे पीने के लिए आपूर्ति की जा रही है। शहर के करीब 10 पानी टंकियों के जरिए डेढ़ लाख की आबादी तक यह पानी पहुंच रहा है। जबकि डब्लूएचओ और सीपीएचईईओ (सेंट्रल पब्लिक हेल्थ इन्वायरमेंटल आर्गेनाइजेशन) ने स्पष्ट किया है कि ब्लीचिंग पाउडर का उपयोग न किया जाए। फिल्टर प्लांट में ऑटोमेटिक क्लोरीनेशन सिस्टम के लिए लिक्विड फार्मेट में पानी में प्री और पोस्ट तरीके से डोजिंग की जाए। इस प्रकार तय मानकों की अनदेखी हो रही है। वर्तमान में निगम के जलकार्य विभाग द्वारा ब्लीचिंग पाउडर का उपयोग किया जा रहा। 25 किलो के बैग से करीब 35 प्रतिशत क्लोरीन की मात्रा मिलती है। इसके अलावा चूना या एलम का उपयोग किया जा रहा। इसके जरिए पानी को शुद्ध किया जा रहा। नियमतः 0.1 पीपीएम मात्रा पीने के पानी क्लोरीन की आवश्यक होती है। इसके लिए फिल्ट्रेशन करते हैं।

# जनगणना प्रचार रथ को कलेक्टर ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

भारत के महारजिस्ट्रार और जनगणना आयुक्त कार्यालय द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिले में भी दो चरणों में जनगणना होगी।

■ भ्रमण कर जनगणना कार्य का किया अवलोकन

प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना एचएलओ कार्य 1 मई से 30 मई तक किया जाएगा। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट परिसर से जनगणना प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार रथ जिले के नगरीय निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को जनगणना के प्रति जागरूक करने का कार्य करेगा।

इस अवसर पर एडीएम वीरेन्द्र सिंह, नगर निगम दुर्ग के आयुक्त सुमीत अग्रवाल, एसडीएम हरवंश सिंह मिरी, नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव आदि उपस्थित थे। कलेक्टर ने जनगणना प्रचार रथ रवानगी के पश्चात तहसील दुर्ग ग्रामीण चार्ज अंतर्गत आने वाले ग्राम डूमरडीह सीआईएसएफ आरटीसी कैम्प में भ्रमण कर जनगणना कार्य का अवलोकन किया। साथ ही सुपरवाईजर और प्रगणकों से कार्य प्रगति की जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि जनगणना के प्रथम चरण के अंतर्गत प्रगणकों द्वारा जनगणना संबंधित आवश्यक जानकारी ली जाएगी। इस दौरान मकान सूचीकरण के दौरान भवन संख्या, मकान के फर्श, दीवारों और छत में प्रयुक्त प्रमुख सामग्री के साथ-साथ मकान के उपयोग और उसकी वर्तमान स्थिति का विवरण दर्ज किया जाएगा।



परिवार संबंधी जानकारी के अंतर्गत परिवार में सामान्यतः रहने वाले व्यक्तियों की कुल संख्या, मुखिया का नाम व लिंग, मुखिया की जाति श्रेणी, मकान के स्वामित्व की स्थिति, उपलब्ध कमरों की संख्या और परिवार में रहने वाले विवाहित दंपत्तियों की संख्या की जानकारी ली जाएगी। इसी प्रकार मूलभूत सुविधाओं के तहत पेयजल का मुख्य स्त्रोत व उसकी उपलब्धता, प्रकाश का मुख्य स्त्रोत, शौचालय की उपलब्धता व प्रकार, गंदे पानी की निकासी, स्नानघर की सुविधा, रसोईघर की स्थिति, एलपीजी/पीएनजी कनेक्शन की उपलब्धता और खाना पकाने के लिए प्रयुक्त मुख्य ईंधन के संबंध में प्रश्न पूछे जाएंगे। परिसंपत्तियों के विवरण में रेडियो, ट्रांजिस्टर, टेलीविजन, इंटरनेट सुविधा, लैपटॉप, कंप्यूटर, टेलीफोन, मोबाइल, स्मार्टफोन, साइकिल, स्कूटर, मोटरसाइकिल, मोपेड और कार, जीप, वैन की उपलब्धता की जानकारी संकलित की जाएगी। इसके अतिरिक्त अन्य जानकारियों में परिवार द्वारा उपभोग किया जाने वाला मुख्य अनाज और जनगणना संबंधी संचार के लिए मोबाइल नंबर भी दर्ज किया जाएगा।

# मिनी माता चौक से जेल तक फोरलेन सड़क का काम शुरू, हटाया जा रहा 112 जगहों से कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

नगर निगम दुर्ग एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा शहर के महत्वपूर्ण मार्ग मिनीमाता चौक पुलगांव से जेल तिराहा चौक तक प्रस्तावित फोरलेन

■ पोटिया चौक के आसपास से निगम के तोड़ू दस्ते ने हटाया



सड़क निर्माण एवं पाइपलाइन शिफ्टिंग कार्य को लेकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तेज कर दी गई है। पोटिया चौक क्षेत्र सहित विभिन्न स्थानों पर अतिक्रमणकर्ताओं ने प्रशासनिक कार्रवाई से कुछ लोगों ने खुद ही कब्जा हटाना शुरू कर दिया है।

जानकारी के अनुसार लगभग 112 से अधिक व्यक्तियों द्वारा सड़क चौड़ीकरण क्षेत्र में स्थायी एवं अस्थायी रूप से दुकान, बाउंड्रीवाल, शेड एवं अन्य निर्माण कर अतिक्रमण किया गया था, जिससे प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्य बाधित हो रहा था। निगम एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा इन अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई निरंतर जारी है।

इस संबंध में अतिक्रमण दल के प्रभारी सहायक अभियंता गिरीश दीवान ने बताया कि 30 अप्रैल से लगातार निरीक्षण कर बाधित अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि संबंधित अतिक्रमणकर्ता स्वयं अपना कब्जा हटा लें, अन्यथा निगम द्वारा की गई कार्रवाई में होने वाले नुकसान के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। कार्रवाही निरंतर जारी रहेगी। निगम द्वारा गठित अतिक्रमण दल में उप अभियंता सिद्धार्थ साहू, विनोद मांझी, अतिक्रमण प्रभारी ईश्वर वर्मा एवं परमेश्वर को शामिल किया गया है। टीम द्वारा सतत मॉनिटरिंग कर कार्रवाई को प्रभावी रूप से अंजाम दिया जा रहा है। इस कार्रवाई से न केवल सड़क निर्माण कार्य में तेजी आएगी, बल्कि आम नागरिकों को भी सुगम एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी।

## एसटीपी से उपचारित जल को पुनः उपयोग में लाने मंथन



दुर्ग। नगर निगम भिलाई द्वारा ग्राम कचांदुर में समोदा नाला के समीप निर्माणाधीन 150 एमएलडी क्षमता के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट एसटीपी और नगर निगम दुर्ग में निर्माणाधीन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से उपचारित जल के पुनः उपयोग के संबंध में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक हुई। कलेक्टर अभिजीत सिंह की अक्ष्यता में आयोजित इस बैठक में नगर निगम दुर्ग के आयुक्त सुमित अग्रवाल सहित सिंचाई विभाग, छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक क्षेत्र विकास निगम, पर्यावरण संरक्षण मंडल, जिला उद्योग केंद्र, शासकीय मेडिकल कॉलेज कचांदुर और नगर निगम भिलाई के अधिकारियों ने प्रस्तावित कार्ययोजना पर जल के पुनः उपयोग के संबंध में रायसुमारी की। अधिकारियों ने बताया कि नवंबर 2027 तक बन कर तैयार हो जाएगी। एसटीपी के पानी के पुनः उपयोग एसीसी सीमेंट जामुल, छावनी औद्योगिक क्षेत्र के समस्त उद्योग, सिंचाई, रेल्वे सर्विस यार्ड व मेडिकल कॉलेज कचांदुर और आईटीआई भिलाई में गार्डनिंग, वाहन सफाई और सिंचाई आदि के उपयोग में लाया जा सकेगा। कलेक्टर ने संबंधित संस्थानों से अधिकारियों को पानी की आवश्यकताओं के संबंध में चर्चा करने के निर्देश दिए है।

## 100 से अधिक कामगार महिलाओं का सम्मान स्वावलंबन और सशक्तीकरण पर दिया जोर



भिलाई। मजदूर दिवस के अवसर पर सेक्टर-6 स्थित कालीबाड़ी परिसर में एकता जनकल्याण फाउंडेशन द्वारा कामगार महिलाओं के सम्मान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन में घरों में बर्तन, पोछा तथा दुकानों में कार्यरत लगभग सौ से अधिक महिलाओं को आमंत्रित कर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने सभी कामगार महिलाओं को श्रीफल और उपहार भेंट कर सम्मानित किया। आयोजन का उद्देश्य समाज में कार्यरत इन महिलाओं के योगदान को सम्मान देना और उनका मनोबल बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में शुरू फाउंडेशन की सोनाली महादेवन और शपथ फाउंडेशन की रश्मि सागर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता किरण भोसले ने की। एकता जनकल्याण फाउंडेशन की संस्थापक पिंकी सिन्हा के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ। आयोजन में फाउंडेशन की सदस्य कुसुम घोष, टीकेश्वरी साहू एवं मानसी सरकार का विशेष योगदान रहा। मंच संचालन जीवनदान सेवा संस्था के अध्यक्ष योगेश मानिकपुरी ने किया। पिंकी सिन्हा ने कहा कि एकता जनकल्याण फाउंडेशन हमेशा से जनहित और सामाजिक कार्यों के लिए समर्पित रहा है।

## एचएमएस ने 35 प्रतिशत छंटनी का किया विरोध, वेतन की मांग

भिलाई। एचएमएस द्वारा सेक्टर 6 यूनियन कार्यालय में मजदूर सभा हुई। पर छत्तीसगढ़ के उधोगों में लगातार हो रहे हादसों पर चिंता व्यक्त की गई वेदान्ता हादसे में और भिलाई इस्पात संयंत्र में हुई दुर्घटना में मृत मजदूरों को श्रद्धांजलि के बाद मजदूरों को जीने लायक वेतन व सुविधाओं की मांग की गई। भिलाई श्रमिक सभा के अध्यक्ष एचएस मिश्रा ने कहा कि लाखों मजदूरों के बलिदान से मिल रहे साप्ताहिक अवकाश, कार्य के निर्धारित आठ घण्टे व अन्य कई सुविधाओं पर पुनः सरकार की कुदृष्टि पड़ गई है। सरकार व प्रबंधन मिलकर मजदूर विरोधी कानून लागू कर रही हम इसका पुरजोर विरोध करेंगे भिलाई श्रमिक सभा के कार्यवाहक अध्यक्ष प्रेम सिंह चंदेल ने कहा अपने हक व अधिकारों के लिए एक जुट होकर लड़ना होगा। महासचिव देवेन्द्र कुमार सिंह ने बीएसपी में इस्पात संयंत्र के दौरे पर इस्पात सचिव द्वारा नियमित अधिकारियों कर्मचारियों के साथ ठेका मजदूरों के 35 प्रतिशत छंटनी की चेतावनी का विरोध किया। इस अवसर पर यूनियन के प्रेम सिंह चंदेल, जोगेंद्र राव, देवेन्द्र कुमार सिंह, अशोक पण्डा, राजेश शर्मा मनोज जगदाले, जैनेन्द्र गहिने, नरेन्द्र पटेल, विष्णु पटेल, विजय पांडे, नितेन्द्र देशलहरे, टीकाराम साहूस एनके सिंह, एससी रथ, रामयोध्या आदि उपस्थित थे। संचालन देवेन्द्र कुमार सिंह ने किया।

## पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश के सामने पूर्व पार्षद सहित कार्यकर्ताओं ने ली कांग्रेस की सदस्यता




दुर्ग। राजीव भवन शनिचरी बाजार में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के समक्ष, आप, शिवसेना सहित अन्य राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ली। इसमें पूर्व पार्षद संजय सिंह भी शामिल थे। अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल की अगुवाई ने लोगों ने कांग्रेस की रीति-नीति से जुड़ने का निर्णय लिया।

प्रमुख रूप से पूर्व पार्षद लिखन साहू के साथ परिक्षेत्रीय साहू संघ के उपाध्यक्ष निर्भय राम साहू, संरक्षक चन्नू राम साहू, पीलू राम साहू रमेश देवदास यशपाल यादव छाती राम निषाद राजेश साहू बबलू श्रीवास्तव चेतन निषाद रूपेश साहू राजेंद्र साहू सहित दो दर्जन लोगों ने सदस्यता ली। इसी प्रकार शिवसेना उद्धव बाला साहेब ठाकरे से सचिन पाटले, संतोष निषाद संजय निषाद दुर्गेश साकेत देशमुख राजू सूर्यवंशी जय सूर्यवंशी तिलक देशमुख रमन यादव अशोक माला पूरे धर्मेंद्र देशमुख कन्हैया राम, नरेंद्र ने सदस्यता ली। आप से संजय सिंह , घनश्याम सोनी अशोक पटवा शिशिर झा मनीष श्रीवास्तव शाहिद हसन खान आर कश्यप सुधीर नाथ संतोष कटहरे चेतु राम धृत लहरे, देव ने सदस्यता ली। इसके अलावा पूर्व पार्षद युवराज ठाकुर, अमित देवांगन सहित अन्य ने कांग्रेस प्रवेश कियाा। पूर्व मुख्यमंत्री ने सभी को कांग्रेसी गमछा पहनाकर प्रवेश दिलाया । सभी नवप्रवेशी कांग्रेसियों को कांग्रेस की विचारधारा और सिद्धांतों को लेकर जनता से संपर्क बनाना और जनता की सेवा करने का आह्वान किया।

**जल्द खुलेगा गोंडवाना भवन, कलेक्टर ने फर्म एवं सोसाइटी को लिखा पत्र**

# निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका खारिज, ठाकुर ही रहेंगे अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

केंद्रीय गोंड महासभा धमधागढ़ के अध्यक्ष के विवाद पर अब विराम लग गया है। महासभा के एमडी ठाकुर ही अध्यक्ष होंगे। 17 फरवरी 2026 के उनके निर्वाचन को चुनौती देने वाले

■ दो पक्षों में लंबे समय से बना हुआ है गतिरोध

कमलेश ध्रुव की याचिका को उपसचिव, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निरस्त कर दिया गया है। साथ ही न्यायालय ने 12 अक्टूबर 2025 के चुनाव को निरस्त करने एवं नया चुनाव करने संबंधी पंजीयन फॉर्म्स एवं संस्थाएं छत्तीसगढ़ द्वारा 8 जनवरी 2026 को दिए आदेश को यथावत रखा है। उप सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग छत्तीसगढ़ शासन ने 17 अप्रैल 2026 को जारी किए अपने आदेश में स्पष्ट कहा है कि पंजीयन फॉर्म्स एवं संस्थाएं छत्तीसगढ़ के पारित आदेश 8 जनवरी 2026 के पालन में महासभा द्वारा पुनः 17 फरवरी 2026 को मतदान प्रणाली धारा से चुनाव संपन्न करा कर धारा 27 के तहत फॉर्म्स एवं संस्थाएं में जानकारियां ऑनलाइन जमा की गई है। वैध सदस्यों के बीच महासभा का विधिवत रूप से चुनाव संपन्न होने के कारण कमलेश ध्रुव की अपील याचिका खारिज कर फॉर्म्स एवं संस्थाएं द्वारा 8 जनवरी 2026 को पारित आदेश को यथावत रखा जाता है।



#### फर्जी मतदान की मिली थी शिकायतें

केंद्रीय गोंड महासभा धमधागढ़ के अध्यक्ष एमडी ठाकुर के समर्थकों और समाज के लोगों में उत्साह का माहौल है। अध्यक्ष एमडी ठाकुर ने बताया कि पूर्व में केंद्रीय गोंड महासभा धमधागढ़ का 10 सितम्बर 2025 में चुनाव हुआ था। चुनाव में निर्वाचन अधिकारी की लापरवाही की वजह से बेमेतरा, महासमुंद, बालोद, धमतरी व अन्य जिलों से फर्जी मतदान की शिकायतें सामने आई थी। जो लोग समाज के सदस्य नहीं थे, उन लोगों ने भी मतदान कर दिया था। इस मामले को लेकर दूसरा पक्ष अब भी आक्रोशित है। उन्होंने 7 मई को विरोध प्रदर्शन के लिए ज्ञापन सौंपा है। इस विषय को लेकर जल्द ही प्रशासन के साथ प्रतिनिधि मंडल की बैठक होनी है।

#### भवन के संचालन के लिए महासभा के सुपुर्द करने कलेक्टर को पत्र सौंपा

याचिका के संबंध में न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुना और अपने 17 अप्रैल 2026 को जारी आदेश में कमलेश ध्रुव की याचिका खारिज कर दी गई। गोंडवाना भवन के संचालन के लिए महासभा के सुपुर्द करने कलेक्टर को पत्र सौंपा गया है। इस मांग पर कलेक्टर द्वारा अनुमोदन कर आवश्यक कार्रवाई के लिए फॉर्म्स एवं संस्थाएं छत्तीसगढ़ को पत्र प्रेषित किया गया है। जिससे यह भवन कामकाज के लिए पुनः महासभा को जल्द मिल जाएगा। इस दौरान केंद्रीय गोंड महासभा धमधागढ़ के प्रवक्ता विष्णुदेव ठाकुर, उपाध्यक्ष धुरसिंह ध्रुव, कोषाध्यक्ष सीताराम ठाकुर, सलाहकार राजकुमार ठाकुर, ऑडिटर रमाकांत ध्रुव, सदस्य महावीर ध्रुव, राजेंद्र ध्रुव भी मौजूद रहे।

## समाज में व्याप्त समस्याओं से सीएम को कराया अवगत

भिलाई। छत्तीसगढ़ में विभिन्न अनुसूचित जाति वर्ग और अंबेडकरी समाज का प्रतिनिधि मंडल ऑल पीएसयू एससी/ एसटी फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील रामटेके के नेतृत्व में विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंट की।



इस दौरान प्रदेश में बसे देश विभिन्न राज्यों के अनुसूचित जाति वर्गों के लोग जो जाति प्रमाण पत्र के लिए विगत 25 वर्षों मांग की जा रही है। इस पर चर्चा कर मांग की गई। छत्तीसगढ़ में बौद्ध और अंबेडकरी समाज के लाखों लोग विगत 50 वर्षों से भी अधिक वर्षों से निवास कर रहे हैं। शासन ने समाज में किसी भी व्यक्ति को प्रतिनिधित्व नहीं दिया। इस पर विश्व की सबसे बड़ी बुद्धिस्ट धरोहर सिरपुर में इस समाज के वरिष्ठ प्रतिनिधि के योग्यता के आधार पर प्रतिनिधि देने की मांग की गई। प्रदेश में सभी समाज के लोगों को शासन में प्रतिनिधित्व दिया है, किन्तु बौद्ध समाज को कहीं भी प्रतिनिधित्व नहीं मिला है। डोंगरगढ़, सिरपुर, भोंगापाल आदिवासी क्षेत्र को सर्वोच्च पर्यटन स्थल बनाकर अंगीकार किया जाए। आजादी के 75 वर्षों के पश्चात आज भी वंचित समाज के लोगों पर अनदेखी हो रहे है, जिसपर अंकुश लगाने के लिए सरकार द्वारा सुनियोजित क्रियान्वयन किए जाने की मांग की गई।

## खबर संक्षेप



### पोटियाकला सरकारी स्कूल में लगी आग

**दुर्ग।** पोटिया कला में स्थित शासकीय स्कूल में अचानक आग लग गई। स्कूल में प्रचार्य कक्ष में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर दमकल टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई और स्कूल के जरूरी कागज भी सुरक्षित बचा लिया गया। घटना मामला पद्ममनाभपुर थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक 1 मई की रात पोटिया कला के शासकीय स्कूल के प्रचार्य कार्यालय से अचानक धुआं और आग की लपटें उठने लगा। आसपास के लोगों ने तुरंत सूचना अग्निशमन कार्यालय दुर्ग को दी। टीम पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। अग्निशमन कर्मियों ने तुरंत काम शुरू किया। जवान धुएं और आग से भरे कमरे के अंदर गए। जवानों की सतर्कता और तेजी से काम करने के कारण आग स्कूल के अन्य हिस्सों तक नहीं फैल सकी। हालांकि प्राचार्य कक्ष का कुछ सामान जलकर खाक हो गया है। अग्निशमन कर्मियों ने खास तौर पर कमरे में रखे शासकीय दस्तावेजों को बचाने पर ध्यान दिया। समय रहते आग बुझा लेने से बड़े नुकसान से बचाव हो गया। फिलहाल आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। टीम में जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में टीम ने काम किया। टीम में अग्निशमन दल प्रभारी महेंद्र चंदेल, कर्मी हीरामन, राजेश, कमलेश, तामेश्वर ने मौजूद थे।

### गांजा बेचने वाले को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** अवैध रुप से गांजा बेचने वाली महिला और एक अपचारी बालक को पुलिस ने पकड़ा है। महिला के पास से पुलिस ने 2 किलो 880 ग्राम गांजा बरामद किया। जामुल पुलिस ने बताया कि मकान नंबर 20/8 पीएम आवास 32 एकड़ हाउसिंग बोर्ड निवासी एस. निर्मला को मुखबिर की सूचना पर पकड़ा गया। आरोपी के घर से पुलिस ने 1.44 लाख रुपएअ का गांजा बरामद किया है। महिला के पास से नगदी 500 रुपए भी जब्त किया है। मकान में तलाशी के दौरान एक सफेद रंग की बोरी में 2 किलो 880 ग्राम गांजा व नगदी मिला।

### सट्टा खिलाने वालों से 5 लाख का सामान जब्त

**भिलाई।** कार में घूम-घूमकर क्रिकेट सट्टा में दांव लगाने वाले दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा है। छावनी पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बैकुंठधाम गेट के सामने गौरव पथ रोड के किनारे केम्प 2 पुलिस टीम पहुंची। जहां से न्यू संतोषी पारा निवासी पवन कुमार यादव, प्रगति नगर रिसाली के मयंक गणवीर, स्मृतिनगर नमन गुप्ता, ग्राम बरहापुर धमधा नीलकंठ कोसरे उर्फ नीलू को पकड़ा गया। युवकों के पास से चार पहिया कार सीजी 04 क्यूसी 2624 कीमत 4.50 लाख रुपये, आईफोन समेत पांच मोबाइल को भी जब्त किया गया है।

**धर्म :** घर-घर पहुंचा गायत्री यज्ञ, सुख-शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनूठा अभियान

# यज्ञ धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि तनाव और बीमारियों को दूर करने का माध्यम : हीरालाल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक समरसता का संदेश लेकर तीन दिवसीय "गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ" अभियान का भव्य समापन हुआ। 1 मई से 3 मई तक चले इस विशेष आयोजन के तहत दल्ली राजहरा, करू टोला और चिकला कसा क्षेत्रों में घर-घर पहुंचकर निःशुल्क यज्ञ संपन्न कराए गए। इस पहल ने न केवल धार्मिक वातावरण को सशक्त किया, बल्कि लोगों के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी किया। अखिल विश्व गायत्री शक्तिपीठ शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में आयोजित इस अभियान में देव आर्य, संतोष कोरटीया, सोनसाय लटियारे, दमयंती पवार और रेणुका गंजीर सहित आचार्यों की टोली ने सक्रिय भूमिका निभाई। आचार्य प्रतिदिन सुबह 9 बजे से 11 बजे तक घर-घर पहुंचकर विधि-विधान से गायत्री महामंत्र के साथ यज्ञ कराते रहे, जिससे वातावरण में आध्यात्मिक स्पंदन महसूस किया गया। गायत्री परिवार के व्यवस्थापक हीरालाल पवार ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक परिवार में मानसिक शांति, स्वास्थ्य और पारिवारिक सौहार्द को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते तनाव, बीमारियों और पारिवारिक कलह को दूर करने में यज्ञ एक प्रभावी और वैज्ञानिक माध्यम के रूप में कार्य करता है। आचार्य देव आर्य ने युग निर्माण के संदेश को दोहराते हुए कहा कि "हम बदलेंगे, युग बदलेगा" का भाव ही इस अभियान की आत्मा है। यज्ञ के माध्यम से घर-घर में शुद्धता, सकारात्मक सोच और आपसी प्रेम को बढ़ावा मिल रहा है, जो एक स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### श्रद्धा और सुकून का संगम

ग्रामीण क्षेत्रों में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। करू टोला की सावित्री ग्वाल ने अनुभव साझा करते हुए बताया कि घर में यज्ञ होने से वातावरण अत्यंत शांत और पवित्र हो गया है। वहीं चिकला कसा की इंदु सोनी ने कहा कि यज्ञ के बाद घर में एक नई ऊर्जा और सुकून का अनुभव हो रहा है, जिससे परिवार में खुशी का माहौल बना है। तीन दिनों तक चले इस अभियान के दौरान सैकड़ों घरों में यज्ञ संपन्न हुए, जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक और सकारात्मक माहौल निर्मित हुआ। गायत्री शक्तिपीठ ने नागरिकों से आह्वान किया है कि वे नियमित रूप से गायत्री मंत्र जाप, यज्ञ और सेवा कार्यों से जुड़कर आत्मिक उन्नति के साथ-साथ समाज निर्माण में भी सक्रिय भागीदारी निभाएं। यह आयोजन न केवल आस्था का प्रतीक बना, बल्कि सामाजिक एकता, संस्कार और सकारात्मक जीवनशैली को प्रोत्साहित करने वाला प्रेरणादायी अभियान भी सिद्ध हुआ।

# पिनकापार में जनसमस्या निवारण आज होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



राज्य शासन द्वारा जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित सेवाओं का उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जिले पहला जनसमस्या निवारण शिविर डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पिनकापार में 04 मई 2026 को सुबह 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

■ समस्याओं का होगा ऑन-द-स्पॉट निराकरण

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पिनकापार में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में ग्राम महराजपुर, गिधवा, पिनकापार, मुजगहन, फुलसुंदरी, बहेराभाठा, चेबा नवागांव, जेवरतला, रानीतराई रोड, भरदा ट, हरदी, औरी, टटेंगा, नाहंदा पीपरखार ना, संबलपुर क, खामतराई, कुआगांव, मनकी सा एवं खपराभाट के ग्रामीण शामिल होंगे। शिविर के सफल आयोजन हेतु कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग पीयूष देवांगन को नोडल अधिकारी एवं जनपद पंचायत डौण्डीलोहारा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री पंकज देव एवं जल संसाधन विभाग के आशीष रूसिया को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### भीषण गर्मी को देखते हुए विशेष इंतज़ाम

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार सुशासन तिहार के अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविरों के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित कर ली गई है। भीषण गर्मी को देखते हुए शिविर स्थल पर आम जनता के लिए शीतल पेयजल के अलावा, आम का पना, कूलर आदि की भी समुचित व्यवस्था की गई है। शिविर में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया जाएगा। इसके अलावा आम जनता को शिविर के संबंध में जानकारी प्रदान करने हेतु विभिन्न माध्यमों से इसका व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया गया है।

# टीपी से अधिक तेंदूपत्ता ले जाते वाहन जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

तेंदूपत्ता परिवहन में अनियमितता बरतने वालो के खिलाफ वन विभाग सख्त कदम उठाते हुए वाहन चालको के खिलाफ कार्यवाही प्रारंभ कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार परिवहन अनुमति में दर्ज मात्र से अधिक तेंदूपत्ता ले जाते पाए जाने पर डीएफओ अभिषेक अग्रवाल ने कड़ा रुख अपनाया है।

नियमित जांच के दौरान वन विभाग की टीम ने पाया कि परिवहन कर रहे वाहनों में बोरों की संख्या टीपी ट्रांसफर परमिट में दर्ज निर्धारित मात्र से काफी अधिक थी। इसे गंभीर अनियमितता मानते हुए बालोद डीएफओ ने तत्काल प्रभाव से माल और वाहनों की जब्ती के निर्देश दिए। बालोद डीएफओ ने स्पष्ट कर दिया है कि परिवहन के नियमों में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जांच टीम को निर्देश दिए गए हैं कि सभी मुख्य मार्गों और चेक पोस्टों पर निगरानी बढ़ाई जाए। टीपी और भौतिक स्टॉक का मिलान अनिवार्य रूप से किया जाए। गौरतलब हो कि तेंदूपत्ता को हरा सोना कहा जाता है और इसका परिवहन छत्तीसगढ़ वनोपज व्यापार विनियमन अधिनियम के तहत नियंत्रित होता है।

# वैष्णव समाज ने डॉ. रमन सिंह से मुलाकात की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

राजनांदगांव एवं बालोद जिला के वैष्णव समाज के प्रतिनिधि मंडल ने छत्तीसगढ़ के स्पीकर हाउस में रायपुर में जाकर छग़ के विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह को समाज के मनोज निर्वाणी के राजगामी संपदा न्यास का उपाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण दायित्व देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और पुजारी पुरोहित संघ एवं सभी मंदिर के विषय में चर्चा किया। इस अवसर पर कृष्ण कुमार वैष्णव, राजनांदगांव पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देव कुमार निर्वाणी गंगादास वैष्णव, दिग्विजय दास वैष्णव, सौरव निर्वाणी रजत वैष्णव और अखिल भारतीय गुण्डरदेही पुरोहित संघ के जिला अध्यक्ष भोला दास वैष्णव और राजनांदगांव के पुजारीपुर ही संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देव कुमार निर्वाणी, गंगादास वैष्णव, दिग्विजय दास वैष्णव, आकाश शर्मा, सौरव निर्वाणी, रजत वैष्णव, साकेत दास प्रज्ञा निर्वाणी मनोज निर्वाणी दिलीप दास वैष्णव जनेश्वर दास वैष्णव व कृष्ण कुमार वैष्णव आकाश वैशणवमी धन्यवाद ज्ञापन दिया एवं देव कुमार निर्वाणी ने गीता तथा नारियल भेंट कर विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह का अभिवादन किया एवं भोला वैष्णव दास वैष्णव ने पुष्प गुच्छ से आदरपूर्वक सम्मान अभिनंदन किया। कृष्ण वैष्णव ने समाज के विषय में चर्चा एवं पुजारी संघ के मंदिर के विषय में मानदेय के विषय में महत्वपूर्ण चर्चा किया गया।

# अंजोरा स्कूल में प्रभारी प्राचार्य देवांगन ने पदभार ग्रहण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

स्वामी आत्मानंद शासकीय हिन्दी/अंग्रेजी माध्यम स्कूल अंजोरा ख दुर्ग में वरिष्ठ व्याख्याता शिवनारायण देवांगन ने प्रभारी प्राचार्य पद पर कार्यभार ग्रहण किया।

सर्वप्रथम माता सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तत्पश्चात सभी शिक्षक व विद्यार्थियों द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर शिवनारायण देवांगन ने कहा कि हमें शासन के बनाए नियमों का पालन करना है, शिक्षा के गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित साथ ही शाला में अनुशासन बनाए रखना है। इस अवसर पर अंग्रेजी माध्यम से व्याख्याता गण प्रेरणा गौतम, कार्तिकेश्वर राठौर, हिमागी साडिल्य शिक्षक गण भावना क्षत्री, नोबल देवांगन, भावना देवांगन, सहा. शिक्षक आनंद दास, मोनिका चन्द्राकर, मेघा, दुर्गा ठाकुर, केसर पटेल,कम्प्यूटर टीचर भाविका साहू ग्रंथपाल, भृत्य स्वाति शर्मा ,स्वीपर चमेली साहू, कृति निषाद ने पद भार ग्रहण पर शुभकामनाएं दी।



### खाते से 1.71 लाख रुपए पार

**भिलाई।** फ्लिपकार्ड आईडी में मोबाइल नम्बर व पता डालकर तीन मोबाइल फोन का ऑर्डर कर खाते से आईसीआईसीआई एवं इंडसइंड बैंक बैंकों के क्रेडिट कार्ड से 1.73 लाख 661 रूपये का ऑनलाईन ठगी किया है। शिकायत चौकी स्मृतिनगर पुलिस चौकी में किया गया। पुलिस ने बताया कि मकान नं. बी-48 चौहान ग्रीनवैली फेस-2 जुनवानी निवासी मुकेश कुमार चंद्रवंशी टैक्समो कम्पनी गोगांव रायपुर में मैनेजर है। 13 अप्रैल को उनके वाट्सअप पर अज्ञात मोबाईल नम्बर से से ई-चालान का मैसेज आया। जिसमें पुलिस विभाग का मोनो लगा हुआ था। चालान से जुड़ी जानकारी नही मिला तब उस मोबाईल नम्बर पर कॉल लगाया। तब पीड़ित ने फोन नही उठाया। बैंक के क्रेडिट कार्ड से अलग-अलग समय पर कुल 1.73 लाख 661 रुपए गायब हो गए।

# प्रशासकीय स्वीकृति के बदले ठेकेदारी की शर्त, फंस रहे सरपंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

आदिवासी विकासखंड डोंडी के ग्रामीण अंचलों के ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्य को हम ही लाए हम ही कार्य करेंगे की तर्ज पर कार्य हो रहा है। सरपंचों ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया की जिला खनिज न्यास मद सहित शासन की अन्य योजनाओं से सी सी रोड निर्माण, हाई मास्क लाइट, ओपन जिम, गरबेज रिक्शा, शालाओं में प्रार्थना शेड, मुक्तिधाम शेड, डोम शेड निर्माण सहित अन्य कार्य के लिए ग्राम पंचायत का प्रस्ताव इसी शर्त में नेतानुमा लेकर जा रहे है की निर्माण कार्य के लिए प्रशासकीय स्वीकृति हम दिलाएंगे, निर्माण एजेंसी सरपंच ग्राम पंचायत होगी किंतु निर्माण कार्य हम करेंगे। जिस ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि उन शर्तों को नहीं मान रहे है तो उस ग्राम में विकास कार्य स्वीकृत नहीं हो पा रहा है। ग्राम में विकास कराने को लेकर सरपंच समझौता कर रहे हैं, निर्माण कार्य स्वीकृत होने के बाद निर्माण कार्य भी चालू हो गया है निर्माण कार्य लिए सामग्री की खरीदी सहित समस्त कार्य की जवाबदारी निर्माण कार्य लाने वाली का है।

निर्माण कार्य की गुणवत्ता, निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री के भुगतान, मानकों का उलंघन सहित अन्य शिकायत होने पर उसका जवाब सरपंचों को देना है और निर्माण कार्य में किसी तरह की लापरवाही का खामियाजा सरपंच/पंचायत सचिव को भुगतना पड़ेगा, जिसको लेकर पंचायत जनप्रतिनिधियों में असंतोष पनप रहा है।

# खोलझर विद्यालय के परीक्षा परिणाम घोषित, विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खोलझर में दिनांक 30 अप्रैल 2026 को कक्षा 9वीं एवं 11वीं की स्थानीय परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, समस्त स्टाफ, छात्र-छात्राएं, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष संतोष साहू, सदस्य टीकम खडहा एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों में परिणाम को लेकर विशेष उत्सुकता देखने को मिली।प्राचार्य अर्जुन लाल देवांगन द्वारा परिणाम की घोषणा की गई। कक्षा 9वीं का परीक्षा परिणाम 85.71 प्रतिशत तथा कक्षा 11वीं का परिणाम 90.24 प्रतिशत रहा। कक्षा 9वीं में कुमारी जिज्ञासा साहू (82.8%) प्रथम, कुमारी पायल (67.8%) द्वितीय एवं कुमारी अर्चना (64.6%) तृतीय स्थान पर रहीं। कुमारी अर्चना ने पढ़ाई के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। कक्षा 11वीं में धनंजय कुमार (66%) प्रथम, कुमारी लालिमा (60.6%) द्वितीय तथा कुमारी निहारिका (60.4%) तृतीय स्थान पर रहीं। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा 29 अप्रैल 2026 को घोषित बोर्ड परीक्षा परिणाम में विद्यालय का प्रदर्शन सराहनीय रहा। कक्षा 10वीं का परिणाम शत-प्रतिशत (100%) तथा कक्षा 12वीं का परिणाम 91.4 प्रतिशत दर्ज किया गया। कुमारी युनिता (88%) प्रथम, कुमारी महिमा (85.5%) द्वितीय एवं कुमारी ईश्वरी (85%) तृतीय स्थान पर रहीं। कुमारी लीना (80%) प्रथम, कुमारी कुमकुम (79%) द्वितीय तथा कुमारी किलेश्वरी (78.6%) तृतीय स्थान पर रहीं। इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष संतोष साहू ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं प्राचार्य को उत्कृष्ट परिणाम के लिए बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार सफलता प्राप्त करने की कामना की।

राष्ट्रीय स्वयंसेवकों के जनहित में किया कार्य

# स्वयंसेवकों ने राहगीरों को पिलाया शरबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

ज्येष्ठ माह की प्रचंड गर्मी के बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, दल्लीराजहरा नगर द्वारा सेवा और संवेदना का सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए शीतपेय वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पहल के तहत नगर के प्रमुख स्थानों पर राहगीरों, श्रमिकों, नागरिकों एवं आसपास के ग्रामीणों को शरबत और आम पना वितरित कर गर्मी से राहत पहुंचाई गई।




कार्यक्रम का शुभारंभ नगर कार्यवाह मिथलेश साहू द्वारा किया गया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि भीषण गर्मी में राहगीरों को ठंडे पेय उपलब्ध कराना न केवल सेवा है, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है। संघ का यह प्रयास समाज के प्रति समर्पण और मानवता के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाता है। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ सेवा कार्य में भाग लिया। शीतल पेय ग्रहण कर लोगों ने राहत महसूस की और इस पहल की सराहना की। नगरवासियों ने इसे एक सकारात्मक और प्रेरणादायक कदम बताया, जिससे समाज में सहयोग और सेवा की भावना को मजबूती मिलती है। इस अवसर पर योगेश लालवानी, समर्थ लखानी, प्रेम कुमार जैन, मिलाप सोनी, किशोर कराडे, , गौरव, किशोर, सूरज सागर, तेजस साहू, रौनक साहू, जयप्रकाश परमार, नंदा पसीने, सुनीता भांडेकर, साक्षी खटवानी, गायत्री जैन सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे और व्यवस्था को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

नगर प्रचार प्रमुख राकेश देवांगन ने बताया कि इस तरह के सेवा कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेंगे, जिससे समाज के हर वर्ग तक सहायता और सहयोग की भावना पहुंचाई जा सके। इस पहल ने न केवल लोगों को गर्मी से राहत दी, बल्कि सामाजिक एकजुटता और सेवा भाव का सशक्त संदेश भी दिया।

# खैरवाही में नवनिर्मित आंबा भवन का लोकार्पण आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम पंचायत बोरतरा द्वारा आश्रित ग्राम खैरवाही में आंगनबाड़ी भवन निर्माण लोकार्पण समारोह का आयोजन 4 मई को सुबह 10:30 बजे से किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक संगीता भैयाराम सिन्हा होंगे। अध्यक्षता अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर डॉ किशोर साहू करेगे। विशेष अतिथि जिला पंचायत सदस्य बालोद चद्रिरका गंजीर, सभापति सह एवं उद्योग जनपद पंचायत गुरूर दिनेश्वरी फागुराम सिन्हा, उपाध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर दुर्गुराम सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि जनपद पंचायत गुरूर टोमन लाल साहू, मंडल अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर तोशण लाल साहू, महामंत्री ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर एशकुमार कलिहारी, सचिव ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर बुलेश्वर सिन्हा, सेक्टर अध्यक्ष कोमले"वर सिन्हा, बूथ अध्यक्ष राकेश चन्द्राकर, अध्यक्ष ग्राम विकास समिति खैरवाही धानूराम सिन्हा व सरपंच ग्राम पंचायत बोरतरा पूर्णिमा सिन्हा, उपसरपंच, पंचगण उपस्थित रहेंगे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

## शरारती तत्वों ने हार्वेस्टर में लगाई आग, टायर और बैटरियां जलकर खाक

**बालोद**। गांव के चौक में खड़े हार्वेस्टर को किसी अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दी। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 326 एफ बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम खरथुली निवासी मूलचंद साहू ने पुलिस को बताया कि मेरे घर के एक हार्वेस्टर को मैं गांव के साहू सदन के पास माह जनवरी 2026 से खड़ी कर रखा हूं जिसे 01 मई को रात्रि करीबन 07:30 बजे देखा था तो सब ठीक था। मेरा लड़का सूरज साहू छट्ठी कार्यक्रम में ग्राम तरौद गया था जहां से 02 मई के रात्रि करीबन 01 बजे गांव के घर आया तब हार्वेस्टर को सही सलामत होना बताया। उसी रात्रि करीबन 02 बजे साहू सदन के पास रहने वाली सफरा बाई यादव हमारे घर आकर आवाज दी और बताया कि आपके हार्वेस्टर में कोई व्यक्ति आग लगा दिया है हार्वेस्टर के बाएं साईड के टायर में आग लगा हुआ था तथा दो नग बैटरी गर्म होकर पिघल गया था, हम लोग आग को बुझाये है। मेरे हार्वेस्टर को 02 मई के रात्रि करीबन 01 बजे से रात्रि करीबन 02 बजे के दरम्यानी रात्रि कोई अज्ञात व्यक्ति के द्वारा मेरे कृषि कार्य में उपयोगी हार्वेस्टर में आग लगाकर हानि पहुंचाया है जिससे मुझे लगभग 40,000 रूपये का नुकसान हुआ है।

पहल

### आजाद नगर के 375 घरों को मिलेंगे डस्टबिन, नपा अध्यक्ष ने किया शुभारंभ

# नागरिकों की भागीदारी से ही बनेगा स्वच्छ शहर: तोरण लाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में आजाद नगर वार्ड क्रमांक 2 में एक सराहनीय पहल की गई है। वार्ड पार्षद पूनम सोमेश जायसवाल द्वारा पार्षद निधि से वार्डवासियों के लिए 40 लीटर क्षमता वाले मजबूत डस्टबिन का वितरण शुरू किया गया। इस अभियान का उद्देश्य हर घर तक स्वच्छता का संदेश पहुंचाना और कचरा प्रबंधन को व्यवस्थित बनाना है।

कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष तोरण लाल साहू ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वच्छ शहर का निर्माण केवल प्रशासन के भरोसे संभव नहीं, बल्कि हर नागरिक की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। घरों से निकलने वाले कचरे को डस्टबिन में एकत्र कर स्वच्छता कर्मियों को सौंपने की आदत शहर को बीमारियों से दूर रखने में अहम भूमिका निभाएगी। पार्षद पूनम सोमेश जायसवाल ने बताया कि वार्ड के लगभग 375 घरों में चरणबद्ध तरीके से डस्टबिन वितरित किए जाएंगे। उनका कहना है कि इस पहल से विशेष



रूप से महिलाओं को घर के कचरे को सुरक्षित रखने में सुविधा मिलेगी और वार्ड में गंदगी फैलने की समस्या काफी हद तक खत्म होगी। उन्होंने वार्डवासियों से अपील की कि वे इस व्यवस्था का पूरा सहयोग करें और स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। नगर पालिका उपाध्यक्ष मनोज दुबे और जिला बालोद के महामंत्री सौरभ लुनिया ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के प्रयास शहर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने भरोसा जताया कि आने वाले समय में अन्य वार्डों में भी इसी तरह के अभियान तेज किए जाएंगे। स्वच्छता विभाग से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि नगर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। घर-घर डस्टबिन वितरण से कचरे का सही संग्रहण और समय पर उठाव सुनिश्चित होगा, जिससे सड़कों और नालियों में कचरा फेंकने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगेगा।

### वार्डवासियों में उत्साह

वहीं वार्ड की महिलाओं और स्थानीय रहवासियों ने भी इस पहल को काफी सकारात्मक बताया। उनका कहना है कि पहले कचरा रखने की उचित व्यवस्था नहीं होने से कई बार गंदगी फैलती थी, लेकिन अब डस्टबिन मिलने से साफ-सफाई बनाए रखना आसान होगा। कुछ युवाओं ने इसे स्वच्छ भारत मिशन की भावना को मजबूत करने वाला कदम बताया और नियमित कचरा संग्रहण की मांग भी रखी। डस्टबिन वितरण के दौरान वार्ड के जनप्रतिनिधि और नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में तरुण साहू, सोमेश जायसवाल, बंटी चोपड़ा, गौरी नाग, राजेश बहादुर, रीना जायसवाल, सबीना बेगम, नफीसा बेगम, लोकेंद्र साहू, अन्नू पांडे, ममता तारम, लोकेश्वरी साहू और गोपाल सोनकर सहित अन्य वार्डवासी शामिल हुए। दल्लीराजहरा में स्वच्छता को लेकर जनप्रतिनिधि और नागरिक मिलकर सकारात्मक बदलाव की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। यदि इसी तरह सामूहिक प्रयास जारी रहे, तो शहर को स्वच्छ और आदर्श नगर बनाने का लक्ष्य जल्द ही हासिल किया जा सकता है।

# स्कूटी सवार युवक को रोककर मारपीट चाकू दिखाकर नकदी व चांदी की चेन लूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिला मुख्यालय के तांदुला रिसॉर्ट क्षेत्र में दिनदहाड़े लूटपाट की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। घूमने निकले एक युवक को तीन अज्ञात बदमाशों ने न केवल रोका और पीटा, बल्कि चाकू की नोक पर उसकी चांदी की चेन, स्मार्ट वॉच और नगदी लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने मामले में बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। ग्राम डेंगरापार निवासी पीड़ित हरीश कुमार साहू ने पुलिस को बताया कि वह 30 अप्रैल को अपनी स्कूटी (सीजी 24 3407) से बालोद घूमने आया था। दोपहर करीब 3:30 बजे जब वह तांदुला रिसॉर्ट की ओर जा रहा था, तभी पुलिया मोड़ के पास पीछे से आए एक बिना नंबर की स्कूटी सवार तीन युवकों ने उसे रास्ता रोककर रोक लिया।

### चाकू दिखाकर दी जान से मारने की धमकी

पीड़ित के अनुसार, आरोपियों ने पहले उसे थप्पड़ मारा और जेब से पर्स निकालकर 300 रुपये लूट लिए। जब आरोपियों ने उसका आधार कार्ड पढ़ा, तो वे गाली-गलौज और मारपीट पर उतारू हो गए। उनमें से दो आरोपियों ने चाकू निकाल लिया और जान से मारने की धमकी देते हुए पीड़ित के गले से 6,000 रुपये की चांदी की चेन और 1,000 रुपये की स्मार्ट वॉच जबरदस्ती उतरवा ली।

### स्कूटी को नहर में धक्का देकर हुए फरार

लूटपाट करने के बाद बदमाशों ने क्रूरता दिखाते हुए पीड़ित की स्कूटी को धक्का देकर नहर नाली के पार नीचे गिरा दिया, जिससे गाड़ी का आईना और बॉडी क्षतिग्रस्त हो गई। वारदात के बाद आरोपी अपनी स्कूटी से भाग निकले। डरा-सहमा पीड़ित किसी तरह अपने भाइयों को फोन कर मौके पर बुलाया और फिर पुलिस की शरण ली। बालोद पुलिस ने हरीश साहू की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 126(2), 296, 3(5), 309(6), 324(2) और 351(3) के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और हुलिए के आधार पर आरोपियों की पहचान करने की कोशिश में जुटी है।

# केंद्रीय वेतन आयोग की अनुशंसा राज्य में भी लागू हो : राधेश्याम साहू

**डौंडीलोहारा**। आठवें वेतन आयोग का गठन नवंबर 2025 में जस्टिस रंजना प्रसाद देसाई (सेवानिवृत्त जज सुप्रीम कोर्ट) के अध्यक्षता में हुआ था। कर्मचारियों के वेतन संरचना, भत्ते एवं अन्य सेवा/ पेंशन लाभ 1 जनवरी 2026 से प्रभावी होने की उम्मीद है।केंद्रीय कर्मचारियों के साथ साथ राज्य के कर्मचारियों को काफी उम्मीदें हैं।

छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन ने 8 वें वेतन आयोग को ई-मेल द्वारा महत्वपूर्ण सुझाव दिया है। उक्त जानकारी देते हुए फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी, जिलाध्यक्ष राधेश्याम साहू, जिला सचिव गिरीश देवांगन, डौंडी लोहारा ब्लॉक अध्यक्ष प्रेम सिंह कोलियारे, तहसील अध्यक्ष मनसुखदास साहू, तहसील सचिव भूधर जोशी, गुण्डरदेही ब्लॉक अध्यक्ष इंद्रजीत बनपाल ने बताया कि



वेतन मैट्रिक्स में फिटमेंट फैक्टर जोकि 7 वें वेतनमान में 2.57 था, को, 8वें वेतनमान में 3.68 %/3.83 % करने का सुझाव दिया है।यदि इसे स्वीकार किया जाता है, तो न्यूनतम मूल वेतन 18,000 से बढ़कर 69,000 प्रति माह हो सकता है। शासकीय विभागों के उच्च पदों पर संविदा नियुक्ति के स्थान पर इनके फीडर पदों से पदोन्नति अथवा सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने का सुझाव दिया है। उन्होंने बताया कि 12 लाख से अधिक केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए, न्यूनतम बेसिक सैलरी 69,000 के आसपास तय की जानी चाहिए।

# सौम्या साहू ने जबलपुर में जीता राष्ट्रीय ताल सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

ग्राम सोंहपुर निवासी सौम्या साहू पिता पद्मिनी प्रेमशंकर साहू ने संगीत वादन गिटार के क्षेत्र में 2 मई को अखिल भारतीय राष्ट्रीय स्तर संगीत महोत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त किया है साथ ही उन्होने वर्ष 2026 का राष्ट्रीय ताल सम्मान जबलपुर मध्यप्रदेश में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। इससे पूर्व सौम्या साहू ने इंटर नेशनल कल्चरल हारमोनी भिलाई छत्तीसगढ़ मे देश राग 2025 के तहत 09.10.2025 को द्वितीय स्थान, अखिल भारतीय संगीत प्रतियोगिता के तहत इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय से संबद्ध जैन कला केन्द्र संगीत महाविद्यालय सेक्टर 6 भिलाई छत्तीसगढ़ में नादोत्सव 2025 के तहत 16.11.2025 को प्रथम स्थान, कृष्णा प्रिया इंटर नेशनल फेस्टिवल ऑफ म्यूजिक राम मंदिर अयोध्या उत्तर प्रदेश में श्री रामार्चन 2025 के तहत 26.12.2025 को प्रथम स्थान, ऑल इंडिया नेशनल डांस एवं म्यूजिक प्रतियोगिता में नाट्य नर्तन 2025 के तहत 28.12.2025 को द्वितीय स्थान, नेशनल लेवल प्रतियोगिता शारदा विद्यालय भिलाई 2025 में 31.12.2025 को प्रथम स्थान, नेशनल फेस्टिवल ऑफ डांस एण्ड म्यूजिक संगीत कला एकेडमी रायपुर के तहत नटरंग 2026 मे 03.04.2026 को द्वितीय स्थान प्राप्त किया था।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमवी, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज




